**Series : WXYZ/S**

**SET ~ 4**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **40/S**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# विधिक अध्ययन
# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट / NOTE** #

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।
Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **40** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

1. प्रश्न-पत्र के **4** खण्ड हैं – **क, ख, ग** और **घ ।**

   *1.1* ***खण्ड – क*** *–* ***20*** *अंकों के* ***20*** *बहुवैकल्पिक प्रश्न हैं ।*

   *1.2* ***खण्ड – ख*** *– प्रत्येक* ***2*** *अंकों वाले* ***8*** *लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं ।*

   *1.3* ***खण्ड – ग*** *– प्रत्येक* ***3*** *अंकों वाले* ***8*** *प्रश्न हैं ।*

   *1.4* ***खण्ड – घ*** *– प्रत्येक* ***5*** *अंकों वाले* ***4*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

2. प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं है ।

## खण्ड – क

**1.** फ्रीडेरिया एक ऐसा देश है जहाँ कानून बनाने में न्यायालयों की अहम भूमिका है, विशेषकर जब कानून में कमियाँ हों । फ्रीडेरिया की विधिक (कानूनी) प्रणाली की पहचान कीजिए । *1*

(A) सिविल विधि (civil law)

(B) प्रतिकूल (विरोधात्मक) प्रणाली

(C) सामान्य विधि

(D) जिज्ञासु (परीक्षाणात्मक) प्रणाली

**2.** न्यायिक कार्यवाहियों के संदर्भ में “स्वत: संज्ञान” का क्या अर्थ है ? *1*

(A) सरकार द्वारा शुरू किया गया मामला ।

(B) साक्ष्य की कमी के कारण खारिज मामला ।

(C) किसी औपचारिक शिकायत के बिना न्यायालय द्वारा स्वत: प्रस्ताव से उठाया गया मामला ।

(D) किसी निचले न्यायालय से उच्चतर न्यायालय को हस्तांतरित मामला ।

***General Instructions :***

1. The Question Paper contains **4** sections – **A, B, C** and **D.**

   *1.1* ***Section – A*** *contains **20** Multiple Choice Questions for **20** marks.*

   *1.2* ***Section – B*** *contains **8** Short Answer Type Questions of **2** marks each.*

   *1.3* ***Section – C*** *contains **8** questions of **3** marks each.*

   *1.4* ***Section – D*** *contains **4** Long Answer Type Questions of **5** marks each.*

2. Internal choice is given in the paper. There is no overall choice.

## SECTION – A

**1.** Fredaria is country in which courts play a vital role in creating laws, especially where gaps in law exist. Identify the legal system of Fredaria. *1*

(A) Civil law

(B) Adversarial

(C) Common law

(D) Inquisitorial

**2.** In the context of judicial proceedings, what does "Suo motu cognizance" mean ? *1*

(A) A case initiated by the government.

(B) A case dismissed due to lack of evidence.

(C) A case taken up by the court in its own motion without a formal complaint.

(D) A case transferred from a lower court to a higher court.

**3.** *अभिकथन (A) :* जनहित याचिकाओं (PILS) ने मॉनिटर (monitor) के रूप में न्यायपालिका की भूमिका को सुदृढ़ किया है। *1*

*तर्क (R) :* जनहित याचिका (पी.आई.एल.) के माध्यम से न्यायालय में घसीटे जाने के डर से देश में अनेक सामाजिक संस्थाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

सही विकल्प चुनिए :

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

**4.** रोहन और संजना दोनों मित्र हैं जो सड़क से यात्रा करने का निर्णय लेते हैं। वह मौखिक रूप से इस बात से सहमत होते हैं कि रोहन गाड़ी चलाएगा और संजना ईंधन के लिए भुगतान करेगी। परंतु यात्रा शुरू होने से पहले संजना ईंधन का भुगतान करने के लिए मना कर देती है और कहती है कि उसके पास पैसे नहीं हैं। रोहन नाराज़ हो जाता है और कानूनी कार्रवाई का विचार करता है। इस परिस्थिति के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? *1*

(A) रोहन संविदा भंग के लिए संजना के विरुद्ध मुकदमा कर सकता है क्योंकि सभी करार (agreements) संविदा (contracts) हैं।

(B) रोहन संविदा भंग के लिए संजना के विरुद्ध मुकदमा नहीं कर सकता क्योंकि उनका करार किसी संविदा की सभी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता।

(C) रोहन संविदा भंग के लिए संजना के विरुद्ध मुकदमा कर सकता है क्योंकि उसने मौखिक वचन दिया था।

(D) रोहन, संजना के विरुद्ध मुकदमा नहीं कर सकता क्योंकि मौखिक करार कभी भी विधि द्वारा लागू करने योग्य नहीं होता।

**3.** *Assertion (A) :* Public Interest Litigations (PILs) have strengthened the role of the judiciary as a monitor. *1*

*Reason (R) :* Fear of being dragged to the court via Public Interest Litigation (PIL) has improved the quality of several social institutions in the country.

Choose the correct option :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Rohan and Sanjana are two friends who decide to go on a road trip. They verbally agree that Rohan will drive and Sanjana will pay for the fuel. However, when the trip is about to start, Sanjana refuses to pay for the fuel stating that she is struggling financially. Rohan gets angry and considers legal action. Based on the scenario, which of the following statements is correct ? *1*

(A) Rohan can sue Sanjana for breach of contract because all agreements are contracts.

(B) Rohan cannot sue Sanjana for breach of contract because their agreement does not fulfill all the legal requirements of a contract.

(C) Rohan can sue Sanjana for breach of contract because she made a verbal promise.

(D) Rohan cannot sue Sanjana because a verbal agreement is never enforceable by law.

**5.** जॉन एक परियोजना को पूरा करने के लिए रजत से एक हफ्ते के लिए उसका लैपटॉप उधार लेता है। करार की गई अवधि के बाद जॉन लैपटॉप वापस करने के बजाय रजत को सूचित किए बिना उसे एक तीसरी पार्टी को इस्तेमाल के लिए दे देता है। जब रजत अपना लैपटॉप वापस करने के लिए कहता है, तो रजत बताता है कि वह उसके पास नहीं है। जॉन संपरिवर्तन अपकृत्य (tort of conversion) के लिए क्यों उत्तरदायी है, इसे निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक रूप से स्पष्ट करता है ? *1*

(A) जॉन ने लैपटॉप को नुकसान पहुँचाया जब वह उसके पास था।

(B) जॉन ने रजत की सहमति के बिना एक तीसरी पार्टी को लैपटॉप इस्तेमाल के लिए दे दिया और रजत को स्वामित्व अधिकारों से वंचित किया।

(C) जॉन ने करार की अवधि के बाद भी एक हफ्ते के लिए लैपटॉप अपने पास रखा।

(D) जॉन ने उधार की अवधि के दौरान अपने व्यक्तिगत कार्य के लिए लैपटॉप का उपयोग किया।

**6.** राजू अपना अवकाश गृह (vacation home) अपने मित्र समीर को उपहार में देने का निर्णय लेता है। वह मौखिक रूप से समीर को अपने निर्णय की सूचना देता है और उसे संपत्ति की चाबियाँ सौंप देता है। परंतु राजू कोई विधिक (कानूनी) औपचारिकता पूरी नहीं करता अथवा संपत्ति हक का हस्तांतरण नहीं करता। बाद में राजू अपना मन बदल लेता है और इसके बजाय वह अवकाश गृह को बेचना चाहता है। समीर यह मानता है कि अवकाश गृह कानूनी रूप से उसका है। इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(A) अवकाश गृह कानूनी रूप से समीर का है क्योंकि मौखिक वचन और चाबियों का सौंपा जाना इसे वैध उपहार बनाता है।

(B) अवकाश गृह राजू की संपत्ति बनी रहेगी क्योंकि इसमें ऐसी कोई विचारणा नहीं थी और विधिक औपचारिकताएँ पूरी नहीं की गई थीं।

(C) समीर अवकाश गृह का दावा कर सकता है यदि राजू ने लिखित रूप में वचन दिया होता, भले ही विचारणा (प्रतिफल) के बिना हो।

(D) राजू अवकाश गृह बेच नहीं सकता क्योंकि मौखिक वचन के आधार पर समीर का इस पर कानूनी दावा बनता है।

**5.** John borrows Rajat's laptop for a week to complete a project. After the agreed time, instead of returning it, John lends the laptop to a third party without informing Rajat. When Rajat asks for his laptop back, John claims he no longer has it. Which of the following best explains why John is liable for the tort of conversion ? *1*

(A) John damaged the laptop while it was in his possession.

(B) John had lent the laptop to a third party without Rajat's consent, depriving the latter of his ownership rights.

(C) John kept the laptop for an extra week beyond the agreed time.

(D) John used the laptop for personal work during the time he borrowed it.

**6.** Raju decides to give his vacation home to his friend Sameer as a gift. He verbally informs Sameer of his decision and hands over the keys of the property. However, Raju does not complete any legal formalities or transfer the property title. Later, Raju changes his mind and wants to sell the vacation home instead. Sameer believes the house legally belongs to him. Which of the following statements is correct in this context ? *1*

(A) The vacation home legally belongs to Sameer because the verbal promise and key handover constitute a valid gift.

(B) The vacation home remains Raju's property because there was no consideration involved and legal formalities were not completed.

(C) Sameer could have claimed the vacation home if Raju had made the promise in writing, even without consideration.

(D) Raju cannot sell the vacation home because Sameer has a legal claim due to the verbal promise.

**7.** प्रिया अपने घर में बनाए गए चॉकलेट के कारोबार के लिए एक अद्वितीय प्रतीक चिह्न (Unique logo) का उपयोग करती है। उसके ध्यान में यह आता है कि एक दूसरी स्थानीय दुकान बिल्कुल ऐसे ही प्रतीक चिह्न (logo) का प्रयोग कर रही है और वह अपने व्यापार चिह्न (trademark) के रूप में इसका पंजीकरण कराने का निर्णय लेती है। व्यापार चिह्न (trademark) का प्राथमिक कार्य क्या है ? *1*

(A) एक सा उत्पाद बेचने के लिए दूसरों को रोकना।

(B) कॉपीराइट कानून के अंतर्गत प्रतीक चिह्न (logo) को संरक्षित करना।

(C) प्रिया के चॉकलेटों की भिन्नता (विशिष्टता) रखना और ग्राहकों को भ्रमित होने से बचाना।

(D) अपने व्यापारिक गोपनीयता और सभी डिज़ाइनों को स्वत: ही संरक्षित करना।

**8.** विक्रम एक रासायनिक फैक्ट्री का मालिक है जिसमें बड़ी मात्रा में खतरनाक रसायन रखे रहते हैं। एक दिन एक अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा के कारण, इन रसायनों से भरे एक टैंक में दरार आ जाती है और रसायन के रिसाव से पास की एक नदी में प्रदूषण हो जाता है। इस प्रदूषण के कारण स्थानीय लोगों को अत्यधिक नुकसान झेलना पड़ता है और वह विक्रम के विरुद्ध मुकदमा करने का निर्णय लेते हैं। इस मामले में निम्नलिखित में से कौन-सा विधिक सिद्धांत (legal principle) सबसे अधिक लागू करने योग्य है ? *1*

(A) विक्रम दायित्व से बच सकता है क्योंकि आपदा अप्रत्याशित थी।

(B) विक्रम उत्तरदायी नहीं है क्योंकि रिसाव एक बाहरी कारण से हुआ।

(C) विक्रम केवल तभी उत्तरदायी है, यदि उसकी लापवाही सिद्ध हो सके।

(D) दोष कहीं भी हो परंतु विक्रम इसके लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी है क्योंकि इस खतरनाक क्रियाकलाप ने नुकसान पहुँचाया।

**9.** रोहित के पास काफी खुली संपदा है जहाँ वह अपने बगीचे में मूल्यवान प्राचीन मूर्तियों की प्रदर्शनी लगाता है। एक दोपहर को रोहित की अनुमति के बिना पायल मूर्तियों को अधिक नज़दीक से देखने के लिए वहाँ पर जाती है। वह अनजाने में एक मूर्ति से टकरा जाती है और मूर्ति टूट जाती है। रोहित को नुकसान का पता लगता है और वह कानूनी कार्रवाई का निर्णय लेता है। रोहित निम्नलिखित में से किस विकल्प को अपना सकता है ? *1*

(A) वह स्थल पर केवल अतिचार (अनधिकार प्रवेश) का दावा दायर कर सकता है क्योंकि पायल बिना अनुमति के उसकी संपत्ति के अंदर गई थी।

(B) वह अपनी चल संपत्ति (chattels) में अनधिकार प्रवेश का दावा दायर कर सकता है क्योंकि पायल ने उसकी एक मूर्ति को तोड़ दिया था।

(C) वह स्थल में अनधिकार प्रवेश और चल संपत्ति में अनधिकार प्रवेश दोनों के दावे दायर कर सकता है क्योंकि पायल ने उसकी एक मूर्ति को तोड़ दिया था।

(D) वह कोई भी दावा नहीं कर सकता क्योंकि पायल का इरादा नुकसान पहुँचाने का नहीं था।

**7.** Priya uses a unique logo for her homemade chocolate business. She notices that another local shop in using a very similar logo and she decides to register hers as trademark. What is the primary function of the trademark ? *1*

(A) To prevent others from selling the same product.

(B) To protect the logo under copyright law.

(C) To distinguish Priya's chocolates from others and prevent customer confusion.

(D) To automatically protect her business secrets and all designs.

**8.** Vikram owns a chemical factory that stores larges quantities of hazardous chemicals. One day due to an unexpected natural disaster, a tank containing these chemicals ruptures, leading to a leak that contaminates a nearby river. The local community suffers significant harm from the contamination, and they decide to sue Vikram. Which of the following legal principles is most applicable in this case ? *1*

(A) Vikram can avoid liability because the disaster was unforeseeable.

(B) Vikram is not liable because the leak was caused by an external factor.

(C) Vikram is only liable if negligence can be proven.

(D) Vikram is absolutely liable as the hazardous activity led to harm, regardless of fault.

**9.** Rohit owns a spacious estate where he displays a collection of valuable antique statues in his garden. One afternoon, Payal, without Rohit's permission, walks onto his property to take a closer look at the statues. She accidentally knocks over one of the statues, causing it to break. Rohit discovers the damage and decides to take legal action. Which of the following options can Rohit pursue ? *1*

(A) He can only file a claim for trespass to land because Payal entered his property without permission.

(B) He can only file a claim for trespass to chattels because Payal damaged one of his statues.

(C) He can file claims for both trespass to land and trespass to chattels because Payal damaged one of the statues.

(D) He cannot pursue either claim because Payal did not intend to cause harm.

**10.** नेहा के पास कृषि योग्य भूमि का एक टुकड़ा है। वह इस भूमि पर वार्षिक किराये के बदले दस वर्षों के लिए फसल उगाने हेतु राज के साथ एक करार करती है। करार में यह उल्लेख किया गया है कि राज को भूमि की उर्वरता बनाए रखनी होगी और नेहा की सहमति के बिना वह किसी प्रकार का स्थायी संरचनात्मक परिवर्तन (निर्माण कार्य) नहीं कर सकता। दस वर्ष के बाद राज को यह भूमि नेहा को वापस करनी होगी।

कुछ वर्षों बाद नेहा की अनुमति के बिना राज भूमि पर एक छोटे गोदाम का निर्माण करता है। जब नेहा इस पर आपत्ति करती है तो राज यह दावा करता है कि वह लंबे समय तक भूमि का उपयोग करते हुए किराया दे रहा है, अत: इस संपत्ति के ऊपर उसे स्वामित्व के अधिकार हैं।

ऐसी परिस्थिति में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही रूप से लागू होता है ? *1*

(A) भूमि के ऊपर राज के स्वामित्व-अधिकार हैं क्योंकि वह अनेक वर्षों से इसका उपयोग करता आ रहा है और उसने एक गोदाम भी बना लिया है।

(B) पट्टा करार (lease agreement) के अंतर्गत राज एक किरायेदार है और नेहा की अनुमति के बिना गोदाम का निर्माण करना पट्टा करार की शर्तों का उल्लंघन है।

(C) चूँकि राज भूमि पर खेती कर रहा है, अत: करार, पट्टेदारी के बजाय कृषि योग्य भूमि की बिक्री है।

(D) नेहा गोदाम निर्माण पर आपत्ति नहीं कर सकती क्योंकि राज भूमि का उत्पादक उपयोग कर रहा है।

**11.** किसी विचारण (Trial) में न्यायाधीश एक तटस्थ मध्यस्थ (निर्णायक) की तरह कार्य करता है जबकि दोनों पक्षों के अटॉर्नी (Attorneys) अपने मामले प्रस्तुत करते हैं। बचाव पक्ष का वकील जिरह/प्रतिपरीक्षा (Cross-examination) के द्वारा अभियोजन पक्ष के गवाहों को झुठलाने (Discredit) पर अपने को संकेन्द्रित करता है। न्यायाधीश मुख्यत: अटॉर्नीज द्वारा प्रस्तुत तर्कों और साक्ष्यों के आधार पर अंतिम निर्णय देता है। यह कौन-सा विधिक परिदृश्य प्रदर्शित करता है ? *1*

(A) पूछताछ (जाँचात्मक) प्रणाली (Inquisitorial system)

(B) विरोधात्मक प्रणाली (Adversarial system)

(C) सिविल कानून प्रणाली (Civil law system)

(D) प्रथागत कानून प्रणाली (Customary system)

10. Neha owns a piece of agricultural land. She enters into an agreement with Raj, allowing him to cultivate crops on the land for ten years in exchange for an annual rent. The agreement specifies that Raj must maintain the fertility of the soil and cannot make any permanent structural changes without Neha's consent. After ten years, Raj must return the land to Neha.

A few years later, Raj constructs a small warehouse on the land without Neha's permission. When Neha objects, Raj claims that since he is paying rent and using the land for a long period, he has ownership rights over the property. *1*

Which of the following statements correctly applies to this situation ?

(A) Raj has ownership rights over the land since he has been using it for several years and has built a warehouse.

(B) Raj is a tenant under a lease agreement, and constructing the warehouse without Neha's permission is a violation of the lease terms.

(C) Since Raj is cultivating the land, the agreement is a sale of agricultural land rather than a lease.

(D) Neha cannot object to the warehouse because Raj is making productive use of the land.

11. In a trial, the judge acts as a neutral arbiter while the attorneys for both sides present their cases. The defense lawyer focuses on discrediting the prosecutions' witnesses through cross-examination. The judge bases the final decision, primarily on the arguments and evidence presented by the attorneys. Which legal scenario does this describe ? *1*

(A) Inquisitorial system

(B) Adversarial system

(C) Civil law system

(D) Customary law system

**12.** भारत के उच्चतम न्यायालय ने पुष्टि की है कि अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक समुदाय को आकर्षित करने के लिए ___________ को पुर:स्थापित (introduced) किया गया था। *1*

(A) सिविल प्रक्रिया संहिता (Civil Procedure Code) की धारा 89

(B) भारत रक्षा अधिनियम, 1971 (Defence of India Act, 1971)

(C) बैंकिंग लोकपाल योजना (Banking Ombudsman Scheme)

(D) मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 (Arbitration and Conciliation Act, 1996)

**13.** सुमन और उसके पड़ोसी के बीच उनकी संपत्तियों की सीमा के ऊपर लंबे समय से विवाद चल रहा है। न्यायालयी प्रक्रियाओं में विलम्ब से हताश होकर उन्होंने मामले को लोक अदालत में ले जाने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद लोक अदालत ने मामले को सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने के लिए एक समाधान का सुझाव दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए विवादों के समाधान में लोक अदालत की भूमिका के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ? *1*

(A) लोक अदालत के निर्णय बाध्यकारी हैं और किसी भी स्थिति में उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती।

(B) विवादों के समाधान के लिए लोक अदालत एक औपचारिक न्यायालयी प्रक्रिया को अपनाती है।

(C) लोक अदालत मुख्यत: दाण्डिक अपराधों से संबंधित विवादों को निपटाती है।

(D) लोक अदालत आपसी समझौते के द्वारा शीघ्रता से विवादों के निपटान में सहायता करती है।

**14.** कथन I : अंतर्राष्ट्रीय कानून राज्यों की समानता के सिद्धांत पर आधारित है।

कथन II : अंतर्राष्ट्रीय कानून के उपयोजन (Application) और प्रवर्तन (Enforcement) कतिपय देशों की राजनैतिक और आर्थिक शक्ति से अधिकतर प्रभावित होते हैं। *1*

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

**12.** The Supreme Court of India has affirmed that __________ was introduced to attract the international mercantile community. *1*

(A) Section 89 of Civil Procedure Code (CPC)

(B) Defence of India Act, 1971

(C) Banking Ombudsman Scheme

(D) Arbitration and Conciliation Act, 1996

**13.** Suman and her neighbour had a long-standing dispute over the boundary of their properties. Frustrated with the delays in court proceedings, they decided to take their case to the Lok Adalat. After hearing both sides, the Lok Adalat suggested a solution, which they accepted, resolving the matter amicably. *1*

What can be inferred about the role of Lok Adalat in resolving disputes from the situation given above ?

(A) Lok Adalat decisions are binding and cannot be challenged in any situation.

(B) Lok Adalat follows a formal court procedure to settle disputes.

(C) Lok Adalat mainly handles disputes related to criminal offences.

(D) Lok Adalat helps in resolving disputes quickly through mutual agreement.

**14.** Statement I : International law is based on the principle of equality of states. *1*

Statement II : The application and enforcement of international law are often influenced by the political and economic power of certain states.

(A) Both Statement I and Statement II are correct.

(B) Both Statement I and Statement II are incorrect.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

**15.** *अभिकथन (A) :* अधिवक्ता अधिनियम, 1961 "अधिवक्ता (Advocate)" कहे जाने वाले कानूनी पेशेवरों (Legal practitioners) का केवल एक श्रेणी के लिए प्रवधान करता है और भारत के न्यायालयों में प्रैक्टिस (Practice) करने के उनके अधिकार को स्थापित करता है। *1*

*तर्क (R) :* यह अधिनियम बिना किसी केन्द्रीय प्राधिकरण के राज्य सरकारों को स्वतंत्र रूप से कानूनी (विधि) व्यवसाय को विनियमित करने की अनुमति देता है।

सही विकल्प चुनिए :

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

**16.** एक ऊँचे दर्जे की कॉर्पोरेट धोखाधड़ी के मामले में अधिवक्ता मीरा एक मुवक्किल (Client) का प्रतिनिधित्व कर रही है। कार्यवाही के दौरान उसे पता लगता है कि उसके मुवक्किल ने जानबूझ कर वे महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज नहीं दिए हैं जो मामले के निर्णय को प्रभावित कर सकते थे। यद्यपि मुवक्किल दस्तावेजों को न दिखाने पर जोर देता है परंतु विरोधी वकील जिरह के दौरान उन दस्तावेजों के विद्यमान होने का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत देता है।

अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत पेशेवर नैतिकता बनाए रखने के लिए अधिवक्ता मीरा को क्या करना चाहिए ? *1*

(A) गोपनीयता बनाए रखते हुए मुवक्किल का प्रतिनिधित्व जारी रखना चाहिए क्योंकि दस्तावेजों को दिखाना अटॉर्नी-मुवक्किल के विशेषाधिकार का हनन होगा।

(B) मुवक्किल को दस्तावेज़ दिखाने की सलाह देनी चाहिए परंतु यदि मुवक्किल इनकार करता है, तो उन्हें दिखाए बिना मामले को आगे चलाना चाहिए।

(C) यदि मुवक्किल दस्तावेज दिखाने से इनकार करता है तो मामले से हट जाना चाहिए क्योंकि इसे जारी रखना पेशेवर अवचार (दुराचरण) के समान होगा।

(D) मुवक्किल को बताए बिना दस्तावेजों के बारे में न्यायाधीश को निजी तौर पर सूचित कर देना चाहिए क्योंकि न्यायालय के प्रति कर्तव्य अटॉर्नी-मुवक्किल विशेषाधिकार से बढ़कर है।

**15.** Assertion (A) : The Advocates Act, 1961, provides for a single class of legal practitioners called "advocates" and establishes their right to practice in courts across India. *1*

Reason (R) : The Act allows State Governments to regulate the legal profession independently without any Central authority.

Choose the correct option :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**16.** Advocate Meera is representing a client in a high-profile corporate fraud case. During the proceedings, she becomes aware that her client has deliberately withheld crucial financial documents that could impact the case outcome. Although the client insists on keeping the documents undisclosed, the opposing counsel indirectly hints at their existence during cross-examination. *1*

What should Advocate Meera do to uphold professional ethics under the Advocates Act, 1961 ?

(A) Continue representing the client while maintaining confidentiality, as revealing the documents would breach attorney-client privilege.

(B) Advise the client to disclose the documents, but if the client refuses, proceed with the case without revealing them.

(C) Withdraw from the case if the client refuses to disclose the documents, as continuing would amount to professional misconduct.

(D) Privately inform the judge about the documents without informing the client, as duty to the court overrides attorney-client privilege.

**17.** *अभिकथन (A) :* एक अधिकार क्षेत्र (Jurisdiction) में प्रशिक्षित वकीलों को विदेशी अधिकार क्षेत्र में प्रैक्टिस करने के लिए पुन: अर्हता (re-qualify) प्राप्त करनी होती है। *1*

*तर्क (R) :* अलग-अलग देशों की अलग-अलग कानूनी प्रणालियाँ हैं और उस देश की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार कानून बनाए जाते हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

**18.** निम्नलिखित में से किस स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत कानूनी सहायता से इनकार किया जा सकता है/सहायता वापस ली जा सकती है ? *1*

(A) यदि आवेदक मानव तस्करी का शिकार हो।

(B) यदि आवेदक 7 वर्ष से अधिक कारावास के दण्डनीय अपराध का आरोपी हो।

(C) यदि आवेदक ने कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए जानबूझकर ग़लत बयान दिया हो।

(D) यदि आवेदक घरेलू हिंसा के मामले के लिए कानूनी सहायता माँगने वाली महिला या बच्चा हो।

**19.** सुनीता के पूर्व व्यापारिक (कारबार) भागीदार ने उस पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है और दावा किया है कि उसने कंपनी की निधियों (funds) का गबन किया है। विचारण (trial) के दौरान न्यायालय स्पष्ट करता है कि उसके कारबार-भागीदार को सुनीता के दोष को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रदान करने चाहिए। भारत में सबूत के भार के बारे में यह परिदृश्य क्या प्रदर्शित करता है ? *1*

(A) आरोपी को एक उचित संदेह से परे अपनी निर्दोषिता सिद्ध करनी चाहिए।

(B) न्यायालय स्वत: ही यह मान लेता है कि आरोपी दोषी है।

(C) आरोपी के दोष को सिद्ध करने का उत्तरदायित्व, आरोप लगाने वाले पक्ष का है।

(D) अपने-अपने मामले को सिद्ध करने का उत्तरदायित्व आरोपी और आरोपकर्ता दोनों पर समान रूप से है।

**17.** Assertion (A) : Lawyers trained in one jurisdiction have to requalify to practice in foreign jurisdictions. *1*

Reason (R) : Different countries have different legal systems and laws are framed according to the particular conditions of that country.

Choose the correct option :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**18.** In which of the following situations can legal aid be denied/withdrawn under the Legal Services Authorities Act, 1987 ? *1*

(A) If the applicant is a victim of human trafficking.

(B) If the applicant is accused of an offence punishable with imprisonment for more than 7 years.

(C) If the applicant has knowingly made a false statement to obtain legal aid.

(D) If the applicant is a woman or child seeking legal aid for a case of domestic violence.

**19.** Sunita is accused of fraud by her former business partner, who claims that she embezzled company funds. During the trial, the court explains that her business partner must provide sufficient evidence to prove Sunita's guilt. What does this scenario illustrate about the burden of proof in India ? *1*

(A) The accused must prove their innocence beyond a reasonable doubt.

(B) The court automatically assumes that the accused is guilty.

(C) The responsibility to prove the accused's guilt lies with the party making the accusation.

(D) Both the accused and the accuser share equal responsibility to prove their case.

**20.** कथन I : आपराधिक कानून में किसी कृत्य को इरादतन (जानबूझकर) समझा जाता है जब यह इच्छापूर्वक या जानबूझकर किया गया हो न कि संयोगवश या गलती से। *1*

कथन II : आपराधिक उत्तरदायित्व लगाने के लिए केवल इरादा ही पर्याप्त है।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

## खण्ड – ख

**21.** (क) उच्चतम न्यायालय की अपील अधिकारिता (Appellate Jurisdiction) को कब और कैसे शामिल किया जा सकता है ? *2*

**अथवा**

(ख) भारतीय न्यायिक प्रणाली में उच्च न्यायालयों की भूमिका बताइए।

**22.** राज और उसके कारबार भागीदार (Business Partner) अमन के बीच उनकी कंपनी के मुनाफे की साझेदारी का विवाद था। अनेक चर्चाओं के बावजूद उनके बीच आपसी समझौता नहीं हो पाया। राज लंबे न्यायालयी युद्ध से बचना चाहता था और एक विकल्प के रूप में उसने मध्यस्थता का सुझाव दिया। परंतु अमन के मन में आशंका और अनिश्चितता थी कि क्या उनके मामले में मध्यस्थता का सहारा लिया जा सकता है या उन्हें पहले न्यायालय जाना चाहिए। एक वकील ने उन्हें सलाह दी कि कतिपय दशाओं में मध्यस्थता का उपयोग किया जा सकता है।

इस मामले के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि राज और अमन के बीच कानूनी विवाद में किस प्रकार मध्यस्थता का उपयोग किया जा सकता है। *2*

**23.** विश्व व्यापार संगठन (WTO) के महत्व को स्पष्ट कीजिए। *2*

**24.** (क) भारतीय विधिज्ञ परिषद (Bar Council of India) के किन्हीं दो संविधिक कार्यों का उल्लेख कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के किन्हीं दो परिणामों पर चर्चा कीजिए।

**20.** Statement I : An act is considered intentional in criminal law when it is done willfully and not accidentally or by mistake. *1*

Statement II : Mere intention alone is sufficient to affix criminal liability.

Choose the correct option :

(A) Both Statement I and Statement II are correct.

(B) Both Statement I and Statement II are incorrect.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

## SECTION – B

**21.** (a) How and when can the appellate jurisdiction of the Supreme Court be invoked ? *2*

**OR**

(b) State the role of High Courts in Indian Judicial system.

**22.** Raj and his business partner, Aman, had a dispute over profit-sharing in their company. Despite several discussions, they could not reach a mutual agreement. Raj wanted to avoid a lengthy court battle and suggested mediation as an alternative. Aman, however, was hesitant and unsure whether mediation could be initiated in their case or if they had to go to court first. A lawyer advised them that mediation could be triggered under certain conditions. *2*

Based on the case, explain how mediation can be triggered in the legal dispute between Raj and Aman.

**23.** Explain the importance of the World Trade Organization (WTO). *2*

**24.** (a) State any two statutory functions of the Bar Council of India. *2*

**OR**

(b) Discuss the two outcomes of the Advocates Act, 1961.

**25.** (क) भारत में आपराधिक कानून के अंतर्गत नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों को विस्तृत रूप में बताइए। *2*

**अथवा**

(ख) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत भारत में वादकारियों (मुकदमा लड़ने वालों) को उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सेवाओं का उल्लेख कीजिए।

**26.** अजय ₹ 5 लाख में अनिता को अपनी कार बेचने को राज़ी है बशर्ते उसे मुंबई में तीन महीने के अंदर नौकरी मिल जाए। इस प्रकार की संविदा का पता कीजिए और उसे परिभाषित कीजिए। भारत में इसे लागू करने की संभावना का मूल्यांकन कीजिए। *2*

**27.** अनुच्छेद 16 के प्रावधानों के द्वारा भारत में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों जैसे पिछड़े वर्गों के हितों की रक्षा की जाती है। इसे स्पष्ट कीजिए। *2*

**28.** वाई (Y) शहर में भक्तों के एक समूह ने सार्वजनिक पार्क में एक धार्मिक अनुष्ठान करने की योजना बनाई जिसमें लाउडस्पीकर्स और आतिशबाजी का प्रयोग होना था। स्थानीय नगरपालिका निकाय ने यह कहते हुए कि इस अनुष्ठान से ध्वनि प्रदूषण और सुरक्षा खतरा होगा, इसे स्वीकृति नहीं दी। भक्तजनों ने यह तर्क दिया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत यह उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। परंतु प्राधिकारियों ने अपना निर्णय नहीं बदला। *2*

क्या नगर निकाय की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन करती है ? अपने उत्तर का औचित्य बताइए।

## खण्ड – ग

**29.** (क) 'आधारभूत संरचना' की संकल्पना के विकास में केशवानंद भारती मामले का क्या महत्त्व है ? *3*

**अथवा**

(ख) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 143 के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए।

**25.** (a) Elucidate the provisions for free legal aid under criminal law in India. *2*

**OR**

(b) State the free legal services that are available to litigants in India under Legal Services Authorities Act.

**26.** Ajay agrees to sell his car to Anita for ₹ 5 lakh, but only if he secures a job in Mumbai within three months. Identify and define this type of contract. Assess its enforceability in India. *2*

**27.** The interests of the backward classes like Scheduled Castes and the Scheduled Tribes are protected by the provisions of Article 16. Explain. *2*

**28.** A group of devotees in City Y planned to perform a religious ritual in a public park that involved the use of loudspeakers and firecrackers. The local municipal body refused permission, stating that the ritual could cause noise pollution and pose safety hazards. The devotees argued that this was a violation of their Fundamental Right under Article 25 of the Indian Constitution. The authorities, however, maintained their stance. *2*

Does the municipal body's action violate Article 25 of the Constitution ? Justify your answer.

## SECTION – C

**29.** (a) In the evolution of the concept of 'basic structure' what is the significance of the Kesavananda Bharati case ? *3*

**OR**

(b) Explain the provisions of Article 143 of the Indian Constitution.

**30.** (क) भ्रष्टाचार के मामलों के अन्वेषण में स्वतंत्रता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लोकपाल के गठन को तैयार किया गया है । लोकपाल की संरचना स्पष्ट कीजिए और इसकी शक्तियाँ बताइए। *3*

**अथवा**

(ख) लोकपाल और लोकआयुक्त अधिनियम, 2013 का उद्देश्य ऊँचे दर्जे के अधिकारियों सहित सरकारी कर्मचारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार से लड़ना है । इस अधिनियम के प्रावधानों के आधार पर निम्नलिखित के उत्तर दीजिए।

(i) किन परिस्थितियों के अंतर्गत लोकपाल वर्तमान या पूर्व प्रधानमंत्री की जाँच नहीं कर सकता है ?

(ii) किसी सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध पूछताछ प्रक्रिया के बारे में क्या-क्या सुरक्षा उपाय किए गए हैं ?

(ii) संसद में दिए गए भाषणों या मतदानों के लिए पूछताछ करने से सांसदों को इस अधिनियम से बाहर क्यों रखा गया है ?

**31.** अनिल एक अधिवक्ता है जो एक संपत्ति के विवाद में प्रिया की पैरवी कर रहा है । प्रिया कुछ ऐसे तथ्य प्रदर्शित करती है जो उसके मामले को कमज़ोर कर सकते हैं । वह जीतने के लिए इन्हें छिपाने और सच को तोड़ने-मरोड़ने के लिए अनिल से कहती है । इस संदर्भ में एक अधिवक्ता के अपने मुवक्किल के प्रति कर्तव्यों का आकलन कीजिए। *3*

**32.** केशव अपने भागीदार आदित्य से एक भूमि की बिक्री के लिए राज़ी हो जाता है कि इससे प्राप्त धन का बड़ा हिस्सा वह अपने पास रखेगा । बाद में उसे पता चलता है कि करार में उसके ऊपर कुछ अतिरिक्त उत्तरदायित्व भी लगाए गए हैं और अतिरिक्त धनराशि को अपने पास रखते हुए वह इसे स्वीकार नहीं करना चाहता। *3*

(i) इस संदर्भ में "जिसे मैं स्वीकार करता हूँ, उसे मैं अस्वीकार नहीं कर सकता" (quod approbo non reprobo) के सिद्धांत को स्पष्ट कीजिए।

(ii) केशव के लिए कानूनी उलझनों (विधिक विवक्षाओं) पर चर्चा कीजिए यदि वह लाभों को स्वीकार करने की कोशिश करता है परंतु करार के दायित्वों को अस्वीकार करता है।

**30.** (a) The composition of the Lokpal is designed to ensure independence and transparency in investigating corruption cases. Explain the structure of the Lokpal, and state its power. *3*

**OR**

(b) The Lokpal and Lokayukta Act, 2013, aims to combat corruption among public servants, including high-ranking officials. Based on the provisions of the Act, answer the following :

(i) Under what circumstances can the Lokpal not investigate a sitting or former Prime Minister ?

(ii) What safeguards are in place regarding the inquiry process against any public servant ?

(ii) Why does the Act exclude Members of Parliament from being investigated for their speeches or votes in Parliament ?

**31.** Anil, an advocate is representing Priya in a property dispute. Priya reveals certain facts that may weaken her case. She asks Anil to withhold them and bend the truth to win. In this context, assess the duties of an advocate towards his/her clients. *3*

**32.** Keshav agrees to a land sale with his partner Aditya, receiving a larger share of the proceeds. Later, he discovers that the agreement also imposes additional responsibilities on him, which he wants to reject while keeping the extra money. *3*

(i) Explain the principle of "quod approbo non reprobo" in this context.

(ii) Discuss the legal implications for Keshav if he tries to accept the benefits but reject the obligations of the agreement.

**33.** (क) वैश्विक शिखर सम्मेलन (Earth Summit) के महत्त्व और उसके मुख्य निष्कर्षों को स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) उन संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा कीजिए, जो भारत में साफ सुथरे पर्यावरण की गारंटी देते हैं।

**34.** अनुच्छेद 20 उन व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है जो अपराध करने के आरोपी हैं। किन्हीं तीन को स्पष्ट कीजिए। *3*

**35.** एक उत्तरी राज्य में एक छोटा धार्मिक समूह महसूस करता है कि उनके पारंपरिक त्यौहारों को स्थानीय विद्यालयों में मान्यता नहीं दी जा रही है जिससे उनके युवकों में अलगाव की भावना उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा सरकारी नौकरियाँ कर रहे उनके समुदाय के अनेक सदस्यों ने सूचित किया है कि योग्यता प्राप्त होने के बावजूद भी उनकी उपेक्षा की जा रही है।

अपने इन मुद्दों को हल करने के लिए यह समुदाय एक राष्ट्रीय निकाय के पास जाने का विचार कर रहा है क्योंकि उन्हें संदेह है कि यह छिटपुट घटनाएँ नहीं हैं बल्कि यह उपेक्षा और भेदभाव के व्यापक उदाहरण हैं। *3*

(i) उस राष्ट्रीय निकाय की पहचान कीजिए जिसके पास इस समुदाय को जाना चाहिए। इस परिस्थिति में उसके प्राथमिक कार्य क्या हैं ?

(ii) भारतीय कानून के अंतर्गत ऐसे समूहों के हितों की सुरक्षा के लिए यह निकाय किस तरह कार्य करता है ?

**36.** आएशा ने एक पेंटिंग श्रृंखला तैयार की और इसे एक पुस्तक में छपवाया। प्रकाशक ने बिना उसकी सहमति के कुछ चित्रों को बदल दिया और नए चित्र जोड़ दिए। अपनी पेंटिंग्स में परिवर्तन के बारे में आएशा के पास कौन-से आर्थिक अधिकार हैं ? किन्हीं तीन को बताइए। *3*

## खण्ड – घ

**37.** (क) बौद्धिक संपदा अधिकार (Intellectual Property Rights) के ऐतिहासिक विकास का पता लगाइए। समय के साथ सर्जकों (creators) और नवोन्मेषियों (innovators) के संरक्षण के लिए यह अधिकार किस तरह विकसित हुए ? *5*

**अथवा**

(ख) आकस्मिक (प्रकीर्ण) संविदाओं (contingent contracts) और दांव-करार (wagering agreements) के बीच अंतर बताइए।

**33.** (a) Explain the significance and main outcomes of the Earth Summit. *3*

**OR**

(b) Discuss the Constitutional provisions that guarantee a clean environment in India.

**34.** Article 20 provides safeguards to persons accused of committing crimes. Explain any three such safeguards. *3*

**35.** A small religious group in a northern state feels that their traditional festivals are not being recognized in local schools, leading to a sense of alienation among their youth. Additionally, several community members working in public sector jobs have reported being passed over despite being qualified.

The community is considering approaching a national body to address these issues as they suspect that these are not isolated incidents but a broader pattern of neglect and discrimination. *3*

(i) Identify the national body that this community should approach and identify its primary function relevant to their situation.

(ii) How does this body operate to safeguard the interests of such groups under Indian law ?

**36.** Ayesha created a series of paintings and published them in a book. The publisher altered some images and added new illustrations without her consent. What economic rights does Ayesha have regarding the alterations to her paintings ? List any three. *3*

## SECTION – D

**37.** (a) Trace the historical development of Intellectual Property Rights (IPR). How have these rights evolved to protect creators and innovators over time ? *5*

**OR**

(b) Differentiate between contingent contracts and wagering agreements.

**38.** (क) वकीलों को पैनल में शामिल करने संबंधी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) विनियमावली, 2010 के व्यापक प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) विधिक सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 के परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट कीजिए कि स्थायी लोक अदालतों का संस्थापन क्यों किया गया था।

स्थाई लोक अदालतों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों की रूपरेखा तैयार कीजिए।

**39.** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण द्वीप के बारे में 'ए' और 'बी' देशों के बीच विवाद चल रहा है जहाँ 'ए' देश संसाधनों का दोहन कर रहा है और 'बी' देश इसे रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के आदेश की माँग कर रहा है। 'ए' अपने अधिकार का दावा यह कहते हुए करता है कि दोनों देशों के बीच एक प्रथागत अभ्यास (Customary practice) रहा है, जबकि 'बी' अपने कार्य को यह कहकर उचित ठहराता है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) ने पूर्व में ऐसे ठहराव (halt) की अनुमती दी है।

दिए गए परिदृश्य में 'प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय विधि' (Customary International Law) और 'ICJ के पूर्व में दिए गए निर्णयों' के श्रेत्राधिकार को समझाइए। 5

**40.** रिया एक प्रतिभावान बेकर (baker) है जो अपने पड़ोस में एक छोटी बेकरी की दुकान खोलती है। "Riya's' Delights" के नाम से चल रही इस दुकान की रिया एकमात्र स्वामिनी होगी और इस कारोबार के सभी पहलुओं का वह स्वयं प्रबंधन करेगी। 5

(i) अपनी बेकरी के लिए रिया ने किस प्रकार का करोबार-स्वामित्व चुना है, इसकी पहचान कीजिए।

(ii) इस प्रकार की कारोबार इकाई के दो गुणों और दो दोषों (merits and demerits) की रूपरेखा बताइए।

**38.** (a) Explain the broad provisions of the NALSA Regulations, 2010 with respect to empanelment of lawyers. *5*

**OR**

(b) In the light of Legal Services Authorities (Amendment) Act, 2002, explain why the permanent Lok Adalats were instituted.

Outline the important provisions regarding the Permanent Lok Adalats.

**39.** Country 'A' and Country 'B' are in dispute over a strategically important island with 'A' starting resource extraction and 'B' seeking an ICJ ruling to halt it. 'A' claims its right to extract as a customary practice between the two countries, while 'B' justifies its action stating that the International Court of Justice (ICJ) had allowed for such halts in past as well.

Explain the scope of 'Customary International Law' and 'past decisions of the ICJ' in the given scenario. *5*

**40.** Riya is a talented baker who opens a small bakery in her neighbourhood. Operating under the name "Riya's Delights", Riya will be the only owner and will manage all aspects of the business herself. *5*

(i) Identify the type of business ownership Riya has chosen for her bakery.

(ii) Outline two merits and two demerits of this type of business entity.